मुझे मम्मी पापा जल्दी बोलो बाय बाय

मुझे मम्मी पापा जल्दी बोलो बाय बाय,
मेरी खाटू वाली गाडी छुट ना जाये जाये,
फागन है आया बाबा ने बुलाया,
पहली गाड़ी का मेने टिकट कटवाया ,
हो आज ख़ुशी से मनवा देखो मेरा झुमा जाए,
मुझे मम्मी पापा जल्दी बोलो बाय बाय

कैसा होगा वो नजारा बाबा यहाँ पर रहते है,
मैंने सुना है बाबा के चरणों पावन गंगा बहती है,
संसार के सुख तेरे दर पर मिल जाये जाये,
मुझे मम्मी पापा जल्दी बोलो बाय बाय.....

सोचता हु क्या मैं लाऊ तुझको क्या मैं चढ़ाउगा,
आस बस ये मनमे लाया रज रज दर्शन पाऊ मैं,
तेरे दर्शन का सुख मुझको मिल जाये जाये,
मुझे मम्मी पापा जल्दी बोलो बाय बाय.....

सारा जग है के दीवाना खाटू के मेरे श्याम का,
मैंने नही देखा नजारा अब तक तेरे धाम का,
अब तो एक पल मुझसे रहा ना जाये जाये,
मुझे मम्मी पापा जल्दी बोलो बाय बाय.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4201/title/mujhe-mummy-papa-jaldi-bolo-bye-bye-meri-khatu-vali-gadi-chut-na-jaye-jaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |